बेटे ने 5 हजार रुपए की सुपारी देकर कराई पिता की नृशंस हत्या

मझौली पुलिस ने 10 आरोपियों को किया गिरफ्तार, पुलिस अधीक्षक ने किया अंधी हत्या का सनसनीखेज खुलासा

नवभारत न्यूज

सीधी/मझौली ,23 मई। जिले की थाना मझौली पुलिस द्वारा अंधी हत्या के जघन्य प्रकरण का पर्दाफाश करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई है। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने मझौली थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बेटे ने 5 हजार रुपये की सुपारी देकर पिता की हत्या कराई थी।

पुलिस के अनुसार दिनांक 19 मई 2026 को फरियादी रघुवर अगरिया पिता रामावतार अगरिया उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम बरमानी थाना मझौली द्वारा सूचना दी गई कि उसके बड़े भाई राजभान अगरिया 16 मई 2026 की रात्रि से लापता हैं। तलाश के दौरान ग्राम करमाई पड़ोहर टोला के जंगल स्थित सूखे कुएं से दुर्गंध आने पर अंदर जला हुआ शव दिखाई दिया। सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी मझौली पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे एवं वरिष्ठ अधिकारियों को घटना से अवगत कराया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी स्वयं घटनास्थल पहुंचे, मौके का निरीक्षण किया तथा मृतक के परिजनों से पूंछतांछ कर थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारी मझौली द्वारा एफएसएल, फिंगरप्रिंट एवं अन्य विशेषज्ञ टीमों को मौके पर बुलवाकर घटनास्थल से आवश्यक वैज्ञानिक एवं भौतिक साक्ष्य एकत्रित कराए गए।

मौके पर कुएं के अंदर एक जला हुआ शव कंकाल अवस्था में मिला। शव के सिर पर कपड़ा बंधा हुआ था तथा शव को झाड़ियों से छिपाने का प्रयास किया गया था। मृतक की पहचान राजभान अगरिया पिता रामावतार अगरिया उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम करमाई पड़ोहर टोला थाना मझौली जिला सीधी के रूप में हुई। शव परीक्षण रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट, फ्रैक्चर एवं जलाने के साक्ष्य पाए गए, जिससे हत्या की पुष्टि हुई। थाना मझौली में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

पुलिस की विवेचना में हुआ सनसनीखेज खुलासा

पुलिस द्वारा तकनीकी साक्ष्यों, वैज्ञानिक जांच, घटनास्थल निरीक्षण एवं संदिग्धों से गहन पूंछताछ के दौरान हत्या की साजिश का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि मृतक का पुत्र कमलभान अगरिया अपने पिता के व्यवहार एवं आए दिन होने वाले विवादों से परेशान था। इसी रंजिश के चलते उसने अपने परिचित रबी सिंह गोंड को अपने पिता की हत्या करने के लिए 5000 रूपये देने की बात कही। पूर्व नियोजित योजना के तहत 16 मई 2026 की रात्रि में आरोपियों ने मृतक को घर से बाहर बुलाकर डंडों एवं खूंटे से हमला कर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को कंबल में लपेटकर जंगल स्थित सूखे कुएं में फेंक दिया गया तथा पहचान छिपाने के उद्देश्य से शव में आग लगाकर झाड़ियों से ढंक दिया गया। हत्या के बाद आरोपी कमलभान द्वारा आरोपियों को मोबाइल ट्रांजेक्शन के माध्यम से 5000 रुपये की राशि भी दी गई।

कार्रवाई इनकी रही सराहनीय भूमिका

प्रकरण के खुलासे में थाना प्रभारी मझौली उनि विशाल शर्मा, उनि पीएल टांडिया, सउनि संतोष साकेत, प्रआर विजय, रामनरेश, शंकर, राजीव, अनूप, राजकुमार, नितेश, आरक्षक जितेन्द्र, आशुतोष, संजय, अक्षय, प्रभात, बृजकिशोर, राजकुमार, एफएसएल टीम, फिंगरप्रिंट टीम, सायबर सेल से कृष्ण मुरारी द्विवेदी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही। जिनके सतत प्रयासों एवं सूक्ष्म विवेचना के परिणामस्वरूप अंधी हत्या का सफल खुलासा संभव हो सका।

हत्या में शामिल 10 आरोपी हुए गिरफ्तार

मझौली पुलिस ने विवेचना में 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में रबी सिंह गोंड पिता स्व .लक्ष्मण सिंह गोंड उम्र 22 वर्ष निवासी करमाई टोला पड़ोहर, कमलभान अगरिया पिता स्व .राजभान अगरिया उम्र 23 वर्ष निवासी करमाई पड़ोहर टोला, राजगोपाल सिंह गोंड उर्फ दादू सिंह पिता शिवबालक सिंह उम्र 18 वर्ष 5 माह निवासी अतरैला, चंद्रबली सिंह उर्फ छोटू पिता रामप्रसाद सिंह गोंड उम्र 20 वर्ष निवासी पहोडर टोला करमाई, ज्ञानेन्द्र सिंह उर्फ राहुल सिंह पिता अर्जुन सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम छूही, नीरज सिंह उर्फ राहुल पिता रामबहोर सिंह उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम पिपराही, नीरज सिंह गोंड उर्फ किशन उर्फ रामजनम पिता शंकर सिंह गोंड उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम भूर्सीडोल हाल निवास ननिहाल, अजय प्रताप सिंह उर्फ रोतिल सिंह गोंड पिता रामलाल सिंह गोंड उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम करमाई पड़ोहर टोला, रिंकू उर्फ ललवा कोल पिता मनबहोर कोल उम्र 20 वर्ष निवासी करमाई पड़ोहर टोला, शनी सिंह उर्फ प्रकाश सिंह पिता स्व .लक्ष्मण सिंह गोंड उम्र 18 वर्ष निवासी करमाई टोला पड़ोहर थाना मझौली शामिल हैं।

इनका कहना है

जघन्य अपराधों में संलिप्त किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। मझौली पुलिस ने अत्यंत गंभीर एवं अंधे हत्या प्रकरण का खुलासा कर उत्कृष्ट कार्य किया है। जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

संतोष कोरी, पुलिस अधीक्षक सीधी

किराना एवं फ्रूट्स दुकानों में छापा, 13 सेम्पल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे

नवभारत न्यूज

सीधी 23 मई। जिला स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश लोधी द्वारा शहर के चार प्रतिष्ठानों में पहुंचकर जांच कार्रवाई की गई। अपमिश्रित की आशंका में खाद्य पदार्थों के सेम्पल लिए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा 21 मई को हरिओम ट्रेडर्स मिश्रा कॉलोनी सीधी मार्ग से बिस्किट, चीनी, गुड़, छुहाड़ा के सेंपल लिए गए। वहीं 22 मई को किशोर ट्रेडर्स सब्जी मंडी सीधी से आम, अनार व सेव के सेम्पल लिए गए। आज 23 मई को गुरुकृपा फ्रूट्स सब्जी मंडी सीधी से बादाम आम, दशहरी आम व अनार एवं गौरव फ्रूट्स कम्पनी सब्जी मंडी सीधी से आम, अनार व केला के सेम्पल लिए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा लिए तीन दिनों में 13 नमूने सेम्पल प्रयोगशाला जांच के लिए गए हैं। प्रयोगशाला जांच की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मोदी सरकार ने फिर चलाया महंगाई का चाबुक : ज्ञान

नवभारत न्यूज

सीधी 23 मई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने मोदी सरकार को विदेश नीति और आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह विफल बताते हुए कहा कि इसका दुष्परिणाम देश की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रहे डीजल, पेट्रोल और एलपीजी गैस के दामों से जनता पर महंगाई की दोहरी मार पड़ रही है।

ज्ञान सिंह ने कहा कि आम जनता की बचत शून्य होती जा रही है और लोगों पर कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर जनता महंगाई से परेशान है वहीं मोदी सरकार और उसके मंत्री फील गुड में जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि दूसरों को सोना नहीं खरीदने, डीजल-पेट्रोल और एलपीजी की बचत करने तथा विदेश यात्राओं से बचने की नसीहत देने वाली सरकार के मंत्री और विधायक स्वयं बड़े-बड़े काफिलों में घूम रहे हैं। इससे सरकार की कथनी और करनी का अंतर साफ दिखाई देता है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी पूरी तरह खोखला साबित हुआ है। खेती की लागत बढ़ती जा रही है लेकिन किसानों को उनकी उपज का उचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्ञान सिंह ने युवाओं से जुड़े मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि लगातार सामने आ रहे बड़े-बड़े पेपर लीक मामलों में भाजपा नेताओं का हाथ उजागर हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

शिकायतों के निराकरण के लिए बैठक 28 को

सीधी 23 मई। अधीक्षण अभियंता मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड, सीधी ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के प्रभावी निराकरण के लिए वृत्त स्तरीय उपभोक्ता शिकायत निवारण समिति की बैठक 28 मई 2026 को आयोजित की जाएगी। यह बैठक दोपहर 11:30 बजे से कार्यपालन अभियंता कार्यालय सीधी (नौढ़िया) में आयोजित होगी। बैठक में विद्युत उपभोक्ताओं से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं पर विचार कर उनके निराकरण की कार्यवाही की जाएगी।

आयोजित हुआ नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर, हुई जांच

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने किया शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सीधी 23 मई। बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट द्वारा आज चिरायु हॉस्पिटल के सहयोग से तुलसी नगर स्थित बघेलखंड भवन में राजधानी के विंध्यवासियों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह और चिरायु हॉस्पिटल के संचालक डॉ.अजय गोयनका ने दीप प्रज्वलित करके इस शिविर का शुभारंभ किया। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी.सी.शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।



बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट के महासचिव डॉ.कमलाकर सिंह ने बताया कि इस नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में राजधानी में निवासरत विंध्यवासियों के अलावा स्थानीय नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में ब्लड टेस्ट, एक्स-रे, ईसीजी, अल्ट्रासाउंड, ईको और पैथोलॉजी जैसी आधुनिक और महंगी जांचें पूरी तरह नि:शुल्क की गईं और चिकित्सकीय परामर्श और दवाएं वितरित की गईं। उन्होंने बताया कि यह शिविर बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों का एक हिस्सा है। भविष्य में बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट द्वारा एक सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा। इसमें विंध्य अंचल के उन प्रतिभाशाली युवाओं को विंध्य प्रतिभा सम्मान से नवाजा जाएगा जिन्होंने यूपीएससी, पीएससी या अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर अंचल का नाम रोशन किया है। साथ ही समाज के मार्गदर्शक के रूप में भोपाल में रह रहे विंध्य अंचल के वरिष्ठ नागरिकों का भी विशेष सम्मान किया जाएगा। ट्रस्ट द्वारा वार्षिक पत्रिका बघेली दर्पण का प्रकाशन भी किया जा रहा है। यह पत्रिका बघेलखंडी संस्कृति और साहित्य के विकास का एक प्रमुख माध्यम हैए जिसमें अंचल के लेखक और आमजन अपनी कहानियां, संस्मरण और विचार साझा करते हैं।

आज शिविर में ट्रस्ट के पदाधिकारी और वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। जिनमें महासचिव डॉ.कमलाकर सिंह, कोषाध्यक्ष सागर श्रीवास्तव, सचिव सुनील शुक्ला तथा कार्यकारिणी सदस्य पीयूष श्रीवास्तव एवं डॉ.प्रणय सिंह, विक्रम सिंह परिहार, ज्ञानेन्द्र सिंह, डॉ.सचिन सिंह, रवि शुक्ला, डॉ.देवेश मिश्रा, सत्येंद्र भदौरिया, दीपक सिंह, डॉ.अजय सिंह, डीआर सिंह, आरपी शुक्ला, डॉ.मुकेश मिश्रा, मृगेंद्र सिंह और पंकज सिंह दुधमनिया आदि उपस्थित थे।

रोजगार मेले का आयोजन मझौली में 26 को

नवभारत न्यूज

सीधी 23 मई। राज्य शासन की मंशानुसार युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराने हेतु 26 मई मंगलवार को शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली में संयुक्त रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

महाविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी डॉ. संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सीधी, ग्रामीण आजीविका मिशन सीधी तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में यह एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। महाविद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि रोजगार मेले में युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार एवं स्टार्टअप शुरू करने संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया गहरा शोक, आर्थिक सहायता की घोषणा

नवभारत न्यूज

सीधी 23 मई। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने तहसील गोपद बनास अंतर्गत ग्राम कसिहवा, ग्राम पंचायत बघवारी में हुए दर्दनाक अग्निकांड पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं।

मुख्यमंत्री ने इस हृदयविदारक घटना में मृत तीनों बच्चों के परिजनों को प्रति मृतक 6 लाख 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की है। घोषित सहायता राशि में 2-2 लाख रुपये मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से, 4-4 लाख रुपये ऊर्जा विभाग से, 20-20 हजार रुपये जिला रेडक्रॉस सोसायटी सीधी से तथा 5-5 हजार रुपये अंत्येष्टि सहायता राशि के रूप में प्रदान किए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रात: लगभग 11.20 बजे रामरतन साकेत के घर के समीप स्थित बिजली के पोल में शॉर्ट-सर्किट होने से आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। इस दुखद हादसे में उनकी दो पुत्रियां घुम्मु उर्फ संध्या साकेत 6 वर्ष, रिद्धि साकेत 1 वर्ष 6 माह तथा पुत्र नागेंद्र साकेत 3 वर्ष की दर्दनाक मृत्यु हो गई। जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवार को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने और हरसंभव सहयोग सुनिश्चित करने की कार्यवाही की जा रही है।

कसिहवा अग्निकांड में 3 मासूमों की मौत पर फूटा कांग्रेस का गुस्सा, मुआवजा व प्रधानमंत्री आवास की उठाई मांग

नवभारत न्यूज

सीधी 23 मई। ग्राम कसिहवा पड़खुरी में साकेत परिवार के घर में बिजली तार के शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। इस दर्दनाक हादसे में मासूम संध्या साकेत, निधि साकेत एवं नागेन्द्र साकेत की जिंदा जलकर हुई असामयिक मौत से गांव सहित पूरे जिले में शोक और आक्रोश का माहौल है।

घटना की जानकारी मिलते ही जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह मर्चुरी भवन सीधी पहुंचे, जहां उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह केवल एक हादसा नहीं बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और सरकारी योजनाओं के धरातल पर असफल क्रियान्वयन का दर्दनाक परिणाम है। ज्ञान सिंह ने बेहद भावुक शब्दों में कहा कि यदि गरीब साकेत परिवार को समय रहते प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान उपलब्ध कराया गया होता तो संभवत: 3 मासूमों की जान बच सकती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जर्जर आवास, घरों के ऊपर से गुजरते खतरनाक बिजली तार और विभागीय उदासीनता ने मिलकर यह भयावह त्रासदी पैदा की है। बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण गांवों में आज भी कई परिवार मौत के साए में जीवन जीने को मजबूर हैं। घरों के ऊपर से गुजर रहे खुले बिजली तार और केवल कभी भी किसी बड़े हादसे को जन्म दे सकते हैं लेकिन विभाग केवल हादसे के बाद औपचारिक कार्रवाई तक सीमित रह जाता है। ज्ञान सिंह ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार को तत्काल 45 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए ताकि इस असहनीय दु:ख के बीच परिवार को कुछ सहारा मिल सके। साथ ही उन्होंने मांग की कि बिजली विभाग पूरे जिले में अभियान चलाकर उन गरीब परिवारों के घरों की तत्काल जांच करे जिनके ऊपर से बिजली तार एवं केबल गुजर रहे हैं और आवश्यक दुरुस्ती सुनिश्चित करे।

भाजपा सरकार प्रदेश को बीमारू राज्य से विकसित राज्य बनाने के लिए कृत संकल्पित : राजेन्द्र

भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित, जिले एवं प्रदेश के दिग्गज भाजपाई हुए शामिल

नवभारत न्यूज

सीधी 23 मई। भारतीय जनता पार्टी का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का जिला स्तरीय वर्ग 21 और 22 में को संपन्न हुआ, जिसमें भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने उद्घाटन किया, वही समापन म.प्र. सरकार के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने किया। सत्र की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने की।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अजय जमवाल कहा कि भाजपा में नए-नए कार्यकर्ताओं का आना-जाना होता रहता है जिसके कारण भाजपा की रीति नीति का प्रबोधन इन वर्गों के माध्यम से प्रदान किया जाता है। क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री जामवाल ने प्रशिक्षण वर्ग की महत्ता एवं विभिन्न सत्रों में चलने वाले विभिन्न विषयों के संदर्भ में प्रस्तावना के साथ कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। समापन सत्र में म.प्र. सरकार के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां का बखान करते हुए कहा कि कांग्रेस ने म.प्र. को बीमारू राज्य एवं बंटाधार सरकार बनाई थी जिसके कारण म.प्र. का मूलभूत ढांचा सड़क, पानी, बिजली की व्यवस्था चर्मरा गई थी। हमारी सरकार आने के पश्चात प्रदेश को नई उड़ान मिली। कांग्रेस के शासनकाल में पहले प्रति व्यक्ति आय 15000 रुपए थी, जो अब बढ़कर 170000 से ऊपर पहुंच गई है। सीधी सिंगरौली ललितपुर रेल परियोजना के अंतर्गत अतिशीघ्र ट्रेन पहुंचने वाली है। सीधी को चिकित्सा के क्षेत्र में कुछ ही वर्षों में मेडिकल कॉलेज की सुविधा प्राप्त होगी। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने अध्यक्षीय उद्बोधन में वर्ग की शानदार सफलता के लिए वर्ग में लगी हुई टोली का अभिनंदन करते हुए कहा कि वर्ग में 214 लोगों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। निश्चित रूप से यह प्रशिक्षण भारतीय जनता पार्टी को नया कीर्तिमान स्थापित करने में सहभागी बनेगा और आगे आने वाले सभी चुनावो में हम रिकॉर्ड मतों से विजई होंगे। इस संकल्प के साथ कार्यकर्ता आगे बढ़ेंगे।

प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में ये रहे उपस्थित

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्रमणि दुबे ने बताया कि दो दिन तक चलने वाले विभिन्न सत्रों में क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, संभागीय संगठन प्रभारी विजय दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदिता पाठक, जिला संगठन प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी, सांसद डॉ .राजेश मिश्रा, सिंगरौली प्राधिकरण अध्यक्ष वीरेन्द्र गोयल, विधायक कुंवर सिंह टेकाम, पूर्व उपाध्यक्ष महापौर योगेश ताम्रकार, सोशल मीडिया संभागीय प्रभारी राजीव सिंह, पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनिल पटेल ने कार्यकर्ताओं का विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन किया। विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक, सिहावल विश्वामित्र पाठक, जिपं अध्यक्ष मंजू राम जी सिंह, जपं अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, जमुनी देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष रामकुमार साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, प्रशिक्षण संभागीय सह प्रभारी केके तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष बृज बिहारी लाल शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष लालचंद गुप्ता ने की।